NT>

Title: Need to declare Jalgaon district in Maharashtra as a 'Banana Export Zone'.

श्री वाई. जी. महाजन (जलगांव) : महोदय, मेरा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र जलगांव (महाराट्र) केले के उत्पादन में भारत में प्रथम स्थान पर है। यहां के केले काफी प्र ासिद्ध हैं। जहां से सैंकड़ों टन केला प्रतिदिन देश के अन्य राज्यों में भेजा जाता है तथा विदेशों को भी काफी मात्रा में यहां से केले का निर्यात किया जाता है। हाल ही में बैंगलोर में सम्पन्न हुई अन्तर्राट्रीय केला परिाद ने जलगांव जिले के केले की काफी प्रशंसा की है। जलगांव जिले का वातावरण केले के उत्पादन के लिए पोाक एवं लाभदायक है। अन्तर्राट्रीय केला परिाद में जलगांव को केले की राजधानी के रूप में सम्मानित किया गया है और केले का उत्पादन और गुणवत्ता बढ़ाने के लिए जलगां व जिले को केला निर्यात क्षेत्र घोाित किये जाने की सिफारिश की है, लेकिन सुविधाओं के अभाव में केले के विकास एवं निर्यात में कमी आ रही है। यदि जलगांव जिले को केला निर्यात जोन घोाित कर दिया जाये तो इस क्षेत्र का विकास भी होगा और क्षेत्र से काफी मात्रा में केले के निर्यात से विदेशी मुद्रा भी प्राप्त हो सकेगी।

अतः मैं आपके माध्यम से वाणिज्य मंत्री महोदय से अनुरोध करना चाहता हूं कि केले के लिए प्रसिद्ध जलगांव जिले को अविलम्ब केला निर्यात जोन घोाित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने का कट करें।